**VESUVIUS plc**
**रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति**
**रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए व्यावसायिक आचरण**

---

| | |
|---|---|
| नीति: | **रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी (ABC)** |
| कॉर्पोरेट जिम्मेदारी: | सामान्य परामर्श |
| संस्करण: | 2.1 |
| पिछला अद्यतन दिनांक: | अक्तूबर 2017 |

---

**यह प्रक्रिया Vesuvius plc के सामान्य परामर्शदाता और कंपनी सचिव के कार्यालय के अनुमोदन के बिना संशोधित नहीं की जानी चाहिए।**

---

**<u>परिचय</u>**

यह नीति व्यावसायिक नैतिकता पर मार्गदर्शन प्रदान करती है और यह दर्शाने के लिए Vesuvius आचार संहिता में निर्धारित सिद्धांतों को पूरा करती है कि Vesuvius की सभी संस्थाएँ निष्पक्ष, पारदर्शी और सत्यनिष्ठा के साथ काम करती हैं।

इस नीति का उद्देश्य यह है कि:

- रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर हमारी शून्य-सहनशीलता स्थिति का पालन करने और उसे कायम रखने के लिए Vesuvius के सभी निदेशक, अधिकारियों और कर्मचारियों, तथा हमारे साथ काम करने वालों की जिम्मेदारियाँ निर्धारित की जाएँ, तथा
- हमारे लिए काम करने वालों को जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान करें कि हम रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मुद्दों को कैसे पहचानते हैं और किस प्रकार उनका निपटान करते हैं।

Vesuvius किसी ऐसे व्यक्ति को संपूर्ण समर्थन देगी जो रिश्वत देने से इनकार करे भले ही कितनी ही असुविधा, व्यापार को नुकसान या Vesuvius के लिए अतिरिक्त खर्च क्यों न हों। लेकिन, सभी परिस्थितियों में, आपको ऐसा कोई क़दम नहीं उठाना चाहिए जो आपकी या किसी अन्य व्यक्ति की सुरक्षा को ख़तरे में डाल सकता है।

इस नीति का उल्लंघन गंभीर कदाचार का प्रतिनिधित्व करता है, और इसके परिणामस्वरूप आंतरिक जाँच की जा सकती है और अनुशासनात्मक परिणाम उठाने पड़ सकते हैं, जिसमें बर्खास्त होने तक की कार्रवाई और बर्खास्तगी को शामिल किया जा सकता है। Vesuvius और व्यक्तियों, दोनों के लिए इस नीति का उल्लंघन करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं और यह जुर्माना और/या कारावास में परिणत हो सकता है।

यदि आपको संदेह है कि Vesuvius के किसी निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी, या Vesuvius की ओर से काम करने वाले किसी अन्य व्यक्ति ने आचरण संहिता या इस नीति के उल्लंघन में काम किया है, तो आपको

तुरंत कंपनी को इसकी सूचना देनी चाहिए। संदेहास्पद कदाचार रिपोर्ट करने के लिए किसी भी कर्मचारी को दंडित नहीं किया जाएगा या नुकसान नहीं पहुँचाया जाएगा।

**व्यापकता**

यह नीति इन पर लागू होती है:

- Vesuvius के सभी निदेशक, अधिकारी और कर्मचारी, तथा जहाँ उपयुक्त हो, Vesuvius की ओर से सेवा प्रदान करने वाले तृतीय पक्ष;
- देश का लिहाज़ न करते हुए जहाँ कारोबार संचालित हो रहा है और/या जहाँ व्यापार संस्था स्थित है, संपूर्ण Vesuvius समूह, जिसमें Vesuvius plc और उसकी सहायक कंपनियाँ ("**Vesuvius**") शामिल हैं।

इस नीति में निहित सिद्धांतों को सभी देशों में लागू किया जाना चाहिए, भले ही वे स्थानीय क़ानून की तुलना में अधिक कठोर हों। जहाँ स्थानीय क़ानून इस नीति की तुलना में अधिक कड़े हैं, तब उन स्थानीय क़ानूनों का भी पालन किया जाना चाहिए।

उस प्रयोजन को हासिल करने के लिए व्यक्तिगत निधियों का उपयोग करना स्वीकार्य नहीं है जो अन्यथा Vesuvius आचार संहिता या इस नीति द्वारा निषिद्ध हो।

## 1. नीति वक्तव्य

1.1 Vesuvius अपने व्यवसाय के संचालन में किसी भी प्रकार के भ्रष्ट व्यवहार को सहन नहीं करेगी।

1.2 Vesuvius में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी में शामिल नहीं होगा - यानी हमें कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति या लोकाधिकारी[1] को पैसा, पुरस्कार, अनुग्रह या लाभ का वादा नहीं करना चाहिए जो उस व्यक्ति के आचरण या निर्णय को अनुचित तरीके से प्रभावित करे।

1.3 इसलिए, Vesuvius की ओर से कार्य करने वाला Vesuvius का कोई भी निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी या तृतीय पक्ष[2] :

- किसी भी व्यक्ति को रिश्वत की पेशकश नहीं करेगा;
- किसी भी व्यक्ति से रिश्वत स्वीकार नहीं करेगा; और/या
- किसी तृतीय पक्ष के माध्यम से किसी भी तरह की रिश्वत की पेशकश करके या रिश्वत लेकर अप्रत्यक्ष रिश्वतखोरी में शामिल नहीं होगा।

---

[1] परिभाषाएँ देखें

[2] परिभाषाएँ देखें

1.4 Vesuvius में प्रत्येक व्यक्ति को यह दिखाना चाहिए कि हमारे सभी व्यवसाय सर्वोच्च नैतिक मानकों के अनुसार किए जाते हैं और इस नीति तथा सभी लागू रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी क़ानूनों का अनुपालन करते हैं।

## रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के जोखिम

### 2. तृतीय पक्ष

***दिशा-निर्देश*: Vesuvius को उसके तृतीय पक्षों[3] द्वारा रिश्वतखोरी के कृत्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इसलिए, Vesuvius केवल ऐसे तृतीय पक्षों के साथ व्यापार करने की इच्छा व्यक्त करती है जो Vesuvius के समान नैतिक मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं।**

2.1 Vesuvius की ओर से कार्य करने वाले सभी तृतीय पक्षों को लागू रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी क़ानूनों का पालन करना चाहिए। इसके अलावा, सामान्य नैतिक व्यापारिक आचरण के उच्च स्तरों को बढ़ावा देने के लिए, उन्हें इस नीति से अवगत कराया जाना चाहिए।

2.2 Vesuvius की ओर से ऐसे कार्य करने के लिए तृतीय पक्षों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए जो अन्यथा इस नीति या लागू रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी क़ानूनों का उल्लंघन करेंगे।

2.3 एजेंट, वितरक और अन्य सभी तृतीय पक्षों की नियुक्ति *एजेंटों और तृतीय पक्षों की नियुक्ति संबंधी नीति* के अनुरूप की जानी चाहिए, जिसमें उपयुक्त जाँच-पड़ताल शामिल हैं।

### 3. उपहार, आतिथ्य और मनोरंजन (GH&E)

***दिशा-निर्देश*: उपहार, आतिथ्य या मनोरंजन की पेशकश शिष्टाचार का एक रूप है जो कई देशों में सामान्य व्यापारिक प्रथा है। संयमित रूप से, संबंधों के निर्माण और उन्हें बनाए रखने का यह महत्वपूर्ण उपकरण है। ज़रूरत से ज़्यादा, या अनुपयुक्त उपयोग किए जाने पर, इसे रिश्वत के रूप में माना जा सकता है। अगर किसी उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य का इरादा कोई अनुग्रह या तरजीह के लिए पुरस्कार या प्रोत्साहन देना हो, या उसकी ऐसी व्याख्या की जा सकती है, तो इस नीति के तहत उसकी अनुमति नहीं दी जाती है।**

3.1 Vesuvius द्वारा उपहार, आतिथ्य या मनोरंजन का उपयोग इनके लिए नहीं किया जाएगा:

- कोई ग़लत व्यावसायिक लाभ प्राप्त करना;
- किसी व्यावसायिक निर्णय को अनुचित तरीके से प्रभावित करना;
- प्राप्तकर्ता के विवेक का चालाक़ी से उपयोग करना; या
- Vesuvius को अनुग्रह प्रदान करने के लिए दायित्व भावना पैदा करना।

---

[3] परिभाषाएँ देखें

3.2 उपहार खुले-आम, बिना शर्त, देना चाहिए, और उनका मूल्य मामूली होना चाहिए। आतिथ्य और मनोरंजन की प्रकृति व्यवसाय के लिए उपयुक्त होनी चाहिए, और केवल इसमें शामिल लोगों के पद और वरिष्ठता के अनुपात में उचित उद्देश्यों के लिए प्रस्तावित और स्वीकृत की जानी चाहिए।

3.3 सभी उपहार, आतिथ्य और मनोरंजन Vesuvius GH&E की प्रक्रियाओं के अनुपालन में होने चाहिए और उनके अनुरूप उन्हें दर्ज करना चाहिए। इस नीति या GH&E प्रक्रियाओं का कोई भी विचलन शासकीय नीति के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा लिखित रूप में अग्रिम तौर पर अनुमोदित होना चाहिए।

3.4 उपहार, आतिथ्य या मनोरंजन केवल GH&E की प्रक्रियाओं के अनुसार लोकाधिकारियों या सरकारी अधिकारियों और संस्थाओं को प्रस्तुत कर सकते हैं।

## 4. चंदा और प्रायोजन

***<u>दिशा-निर्देश</u>: Vesuvius स्थानीय धर्मार्थ संस्थाओं और पहल के समर्थन के माध्यम से, और वैध वाणिज्यिक उपक्रमों के प्रायोजन द्वारा – समाज में और उन समुदायों के समर्थन में भूमिका निभा सकती है, जहाँ वह काम करती है। लेकिन, धर्मार्थ चंदों और प्रायोजनों का इस्तेमाल रिश्वत के चैनल के रूप में होने की संभावना रहती है।***

4.1 जहाँ Vesuvius धर्मार्थ संस्थाओं का समर्थन करता है, विशेष रूप से अपने स्थानीय समुदायों में, इसे ग्राहकों और/या व्यावसायिक भागीदारों के अनुरोध पर नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा लिखित रूप में पहले ही मंजूरी न दी गई हो।

4.2 सभी धर्मार्थ चंदे, चाहे नकद रूप में या धर्मार्थ कार्यक्रमों, प्रकाशनों या धन उगाही की पहलों के जरिए दिए गए हों, वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अग्रिम रूप से अनुमोदित होने चाहिए।

4.3 निश्चित कारण या कार्यक्रम का प्रायोजन, जो इस तरह के समर्थन से जुड़े प्रचार के बदले में किया जाता है, ऐसी जगहों पर होना चाहिए जहाँ इसे सार्वजनिक रूप से देखा जा सकता है और जो Vesuvius के लिए प्रायोजक के रूप में भाग लेने से व्यावसायिक या सामुदायिक लाभ उत्पन्न करता है। अग्रिम तौर पर वरिष्ठ प्रबंधन से स्वीकृति प्राप्त की जानी चाहिए।

4.4 Vesuvius द्वारा राजनीतिक दलों के लिए उपहार या चंदे की मनाही है।

## 5. सुविधा भुगतान

***<u>दिशा-निर्देश</u>: सुविधा भुगतान[4] (जो घूस या गति देने के लिए भुगतान के रूप में भी जाना जाता है) लोकाधिकारियों को अपना काम करने के लिए राजी करने हेतु या प्रक्रिया को गति देने के लिए***

[4] परिभाषाएँ देखें

***प्रदत्त छोटी रकम को संदर्भित करता है जो अन्यथा उनके द्वारा किया जाएगा। दरअसल, ऐसे भुगतान, रिश्वत हैं और यू.के. रिश्वतखोरी अधिनियम (UK Bribery Act) के तहत अवैध हैं।***

5.1 इस नीति द्वारा सुविधा भुगतान निषिद्ध हैं।

5.2 जहाँ किसी व्यक्ति को ऐसे भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है, उदाहरण के लिए दबाव में या जहाँ उन्हें सुविधा भुगतान करने के लिए अनुरोध द्वारा शारीरिक रूप से भयभीत किया जाता है या धमकी दी जाती है, वहाँ उन्हें स्वयं को जोखिम में नहीं डालना चाहिए और भुगतान करना चाहिए।

5.3 जहाँ सुविधा भुगतान किया जाता है (पैराग्राफ़ **Error! Reference source not found.** में उल्लिखित परिस्थितियों के कारण), उसे यह सुनिश्चित करने के लिए तुरंत अपने वित्तीय निदेशक को सूचित किया जाना चाहिए कि भुगतान हमारे वित्तीय रिकॉर्ड में स्पष्ट रूप से दर्ज किए जाएँ।

## 6. **लोकाधिकारियों** के साथ व्यवहार

***<u>दिशा-निर्देश</u>: Vesuvius को परमिट, आईपी पंजीकरण तथा पर्यावरण संबंधी मामले जैसे क्षेत्रों में - सरकार, नियामक प्राधिकरण, सरकारी एजेंसियों और लोकाधिकारियों के साथ अपने व्यापारिक संचालन के लिए बातचीत करने की ज़रूरत होती है। ये परस्पर बातचीत स्पष्ट सिद्धांतों, दिशानिर्देशों और नियमों के अनुरूप काम करने वाले कर्मचारियों के साथ पारदर्शी और सत्यनिष्ठा के साथ होनी चाहिए।***

6.1 Vesuvius के किसी भी निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी, या Vesuvius की ओर से काम करने वाले तृतीय पक्ष द्वारा, कभी भी लोकाधिकारी/सरकारी अधिकारी को अपने कर्तव्यों का उल्लंघन करने के लिए प्रेरित नहीं करना चाहिए।

6.2 GH&E प्रक्रियाओं के अनुसार उपहार, आतिथ्य या मनोरंजन केवल लोकाधिकारियों या सरकारी अधिकारियों और संस्थाओं को प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

6.3 ऐसी परिस्थितियाँ हो सकती हैं जहाँ Vesuvius को **लिखित क़ानून द्वारा**[5] सरकारी अधिकारियों की सेवाओं के लिए, उदा. सीमा-शुल्क की मंज़ूरी या पर्यावरण नियामकों के दौरों के लिए भुगतान करना पड़े। हम उम्मीद करते हैं कि ऐसे अधिकारी अपने क़ानूनी और नियामक कर्तव्य को पूरा करें और भुगतान किए गए किसी भी शुल्क का क़ानूनी आधार मौजूद हो। जहाँ संभव हो, इस प्रकार का भुगतान करने से पहले, इन भुगतानों की आवश्यकता से संबधित दस्तावेजी साक्ष्य, रसीद के

[5] परिपाटी या प्रथा द्वारा नहीं

साथ प्राप्त किए जाने चाहिए। ऐसे अधिकारियों को अतिरिक्त भुगतान नहीं करना चाहिए या उपहार नहीं देना चाहिए।

## 7. प्रचार गतिविधियाँ

***<u>दिशा-निर्देश</u>: मार्केटिंग या विपणन व्यवसाय का मूलभूत अंग है, और यदि सही ढंग से संचालित किया जाए, तो व्यापार समर्थन और विकास के लिए मूल्यवान उपकरण है। लेकिन, विपणन कभी भी इस प्रकार की प्रकृति का नहीं होना चाहिए, या आतिथ्य या मनोरंजन से संबद्ध नहीं होना चाहिए, जिसे व्यावसायिक परिणाम को अनुचित रूप से प्रभावित करने का प्रयास माना जा सके।***

7.1 जहाँ Vesuvius द्वारा निम्न का आयोजन किया जाता है:

- संभावित ग्राहकों के लिए साइट का दौरा; या
- अपने उत्पादों के प्रचार या उनके उपयोग के बारे में शिक्षित करने के लिए कार्यक्रम,

ये तकनीकी चर्चा और व्यापार सूचना के आदान-प्रदान के एकमात्र उद्देश्य के लिए होने चाहिए। प्रत्येक मामले में, संबद्ध कोई भी आतिथ्य या मनोरंजन व्यवसाय के उपयुक्त, आनुपातिक होना चाहिए, और इस नीति तथा GH&E प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।

## 8. बोली और निविदा प्रस्तुतिकरण

***<u>दिशा-निर्देश</u>: प्रमुख अनुबंधों के लिए निविदाएँ या बोली - विशेषकर सरकारी संगठनों के लिए - ऐसे अनुबंधों से जुड़े वित्तीय मूल्य के कारण अतिरिक्त अनुपालन जोखिम पैदा करती हैं।***

8.1 जहाँ रेड फ़्लैग[6], या निविदा प्रक्रिया की पारदर्शिता या नैतिक आचरण के बारे में कोई अन्य चिंता का समाधान या सुधार न किया जा सके, Vesuvius निविदा प्रक्रिया से पीछे हट जाएगी।

## 9. बाज़ार तक पहुँच (अधिग्रहण और संयुक्त उद्यम)

***<u>दिशा-निर्देश</u>: Vesuvius उन कंपनियों के निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों के लिए उत्तरदायी है जिनका वह अधिग्रहण करती है, और अधिगृहीत कंपनियों या संयुक्त उद्यम भागीदारों के पिछले कार्यों के लिए भी उत्तरदायी हो सकती है।***

9.1 सभी प्रस्तावित अधिग्रहण और संयुक्त उद्यम लेन-देन, या अन्य बाजार प्रविष्टि संबंधी कार्यनीतियों को, औपचारिक अनुबंध वार्ता समापन से पहले उचित जाँच-पड़ताल से गुजरना चाहिए।

---

[6] परिभाषाएँ देखें

9.2 अधिगृहीत कंपनियों की औपचारिक अनुपालन समीक्षा, उनके तृतीय पक्ष संबंधों सहित, लेन-देन संपन्न होने के बाद, व्यावहारिक रूप से जितनी जल्दी संभव हो सके, अधिग्रहण दिनांक से 6 महीनों के भीतर, पूरी हो जानी चाहिए।

## 10. बाहरी दिलचस्पियाँ

***<u>दिशा-निर्देश</u>: बाहरी दिलचस्पियाँ और लोकाधिकारियों के साथ संबंध स्वतः समस्या पैदा नहीं करती हैं। जब रिश्ते पारदर्शी न हों और जब अनुचित प्रभाव इस्तेमाल हो या इस्तेमाल किया गया माना जाए, तब समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी अधिकारी के साथ व्यक्तिगत संपर्क उस अधिकारी के लिए भी हितों के टकराव का कारण बन सकता है जब लिया जाने वाला फ़ैसला Vesuvius को प्रभावित करने वाला हो, और जो बदले में रिश्वत की मौजूदगी का आभास करा सकता है। बाहरी दिलचस्पियाँ टकराव की स्थिति उत्पन्न कर सकती हैं जब वे Vesuvius में आपकी भूमिका और जिम्मेदारियों को प्रभावित करती हों।***

10.1 Vesuvius के कर्मचारी और Vesuvius के लिए काम करने वाले अन्य व्यक्तियों को निजी लाभ प्राप्त करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

10.2 Vesuvius के कर्मचारियों और Vesuvius के लिए काम करने वाले अन्य व्यक्तियों को बाहरी दिलचस्पियों से संबंधित लागू प्रक्रिया के अनुसार Vesuvius के समक्ष इनकी घोषणा करनी चाहिए:

- अपनी कोई भी बाहरी दिलचस्पियाँ[7]; तथा
- लोकाधिकारियों या सरकारी अधिकारियों के साथ सभी रिश्ते

ताकि किसी भी टकराव को समझा और प्रबंधित किया जा सके।

## <u>अनुपालन और निगरानी</u>

प्रत्येक व्यावसायिक संस्था या वैश्विक प्रकार्य का प्रबंधन इस नीति को लागू करने और जिन कर्मचारियों के लिए वे उत्तरदायी हैं, उनके संबंध में अपनी आवश्यकताओं को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं।

भुगतान, उपहार और व्यय का अनुमोदन GH&E प्रक्रियाओं के अनुरूप होना चाहिए। आंतरिक लेखा-परीक्षा द्वारा नीति और GH&E प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन की निगरानी की जाएगी और अनुपालन का परीक्षण किया जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए समूह का क़ानूनी विभाग भी उपलब्ध है।

## <u>इस नीति का उल्लंघन या संभावित उल्लंघन</u>

सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे Vesuvius के नैतिक मूल्यों के अनुसार व्यापार का संचालन करने और अनुपालन से जुड़े किन्हीं उल्लंघनों से संबंधित चिंताओं या संदेहों की रिपोर्टिंग सहित लागू कानूनों

[7] परिभाषाएँ देखें

के अनुपालन की जिम्मेदारी लें। आपके लाइन मैनेजर, क़ानूनी टीम या कर्मचारी चिंता संबंधी हेल्पलाइन (स्पीक-अप) के माध्यम से गोपनीय तौर पर चिंता रिपोर्ट की जा सकती है।

अधिक जानकारी Vesuvius स्पीक-अप नीति में शामिल हैं।

**प्रशिक्षण/अतिरिक्त मार्गदर्शन**

चयनित कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नीति तथा विनियामक संदर्भ (व्यावहारिक उदाहरणों के साथ वर्णित) समझाने वाले प्रशिक्षण में भाग लें और इस नीति की पूरक जानकारी के साथ ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करें। यदि आपका चयन नहीं हुआ है लेकिन आप प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, तो कृपया अपने वित्तीय प्रमुख या क़ानूनी विभाग के किसी सदस्य से संपर्क करें।

**प्रश्न**

यदि इस नीति के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने लाइन मैनेजर, देश के वित्तीय प्रमुख या क़ानूनी विभाग के किसी सदस्य से संपर्क करें।

## परिशिष्ट 1 - परिभाषाएँ

यह **रिश्वत** है :

- कोई लाभ, वित्तीय या अन्यथा....
- जिसका किसी व्यक्ति को वादा किया गया, पेशकश की गई या दिया गया है....
- ताकि उन्हें प्रभावित कर सकें ....
- ऐसा कोई अनुचित कार्य या गतिविधि करने के लिए ....
- उनकी आधिकारिक क्षमता में ....
- व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने के प्रयोजन के लिए ....
- या ऐसा करने हेतु उन्हें पुरस्कृत करने के लिए।

रिश्वत के लिए पैसा ही ज़रूरी नहीं है। ऐसी कोई भी चीज़ रिश्वत हो सकती है जिससे प्राप्तकर्ता को कोई फ़ायदा पहुँचे – उदा. भव्य मनोरंजन, ग्राहक के बेटे या बेटी को नौकरी देना, सरकारी अधिकारी के पसंदीदा संस्थान को चंदा देना। <u>ज़रूरी नहीं कि फ़ायदा पहुँचाया गया हो – उसकी पेशकश या वादा करना भी पर्याप्त है।</u>

**लोकाधिकारी/सरकारी अधिकारी** ऐसा कोई व्यक्ति है जो:

- किसी भी प्रकार के विधायी, प्रशासनिक या न्यायिक पद पर है, चाहे वह नियुक्त हो या निर्वाचित हो, या
- प्रत्यक्ष रूप से किसी देश या सरकार (या ऐसे देश या प्रदेश के किसी उपखंड) के लिए या उनकी ओर से, या अप्रत्यक्ष रूप से उस देश या प्रदेश (या उपखंड) की किसी सार्वजनिक एजेंसी या सार्वजनिक उद्यम के माध्यम से सरकारी कार्य सँभालता है, या
- सार्वजनिक अंतरराष्ट्रीय संगठन का अधिकारी या एजेंट है (जैसे संयुक्त राष्ट्र), या
- सरकारी स्वामित्व वाले व्यवसाय का कर्मचारी (उदा. राज्य के स्वामित्व वाली संस्था का कर्मचारी) है, या
- कोई राजनीतिक दल, राजनीतिक दल का अधिकारी, और राजनीतिक कार्यालय का कोई उम्मीदवार है; या
- किसी लोकाधिकारी का रिश्तेदार है।

**तृतीय पक्ष**: किसी तृतीय पक्ष को किसी ऐसे व्यक्ति, लोग या संगठन के रूप में परिभाषित किया गया है जो Vesuvius के लिए या Vesuvius की ओर से सेवाएँ प्रदान करते हैं। इसमें बिक्री एजेंट, वितरक, परामर्शदाता/सलाहकार और अन्य मध्यस्थ, ठेकेदार, और उप-ठेकेदार शामिल हैं (और इसमें सरकारी और सार्वजनिक निकाय शामिल हो सकते हैं)।

**सुविधा भुगतान** किसी सरकारी अधिकारी या एजेंसी द्वारा नियमित कार्यों (उदा. लाइसेंस या परमिट जारी करना, सीमा-शुल्क के माध्यम से माल का प्रसंस्करण) के निष्पादन या उसे फ़ौरन करने के लिए किए गए भुगतान हैं। यह "घूस" या "गति देने के लिए" भुगतान के रूप में भी जाना जाता है।

**बाहरी दिलचस्पियाँ:** Vesuvius कंपनी के किसी कर्मचारी या अधिकारी (या परिवार के क़रीबी सदस्य या व्यापार सहयोगी) के व्यक्तिगत, निजी, कारोबारी, धर्मार्थ या राजनीतिक हित, जो Vesuvius में उनकी ज़िम्मेदारियों से बाहर हैं। उदाहरण के लिए:

- व्यवसाय या कंपनी का स्वामित्व/निर्देशकत्व
- किसी विशिष्ट धर्मार्थ संगठन, राजनीतिक सोसाइटी या व्यापार संघ के लिए कार्य करना/समर्थन करना
- किसी सरकारी अधिकारी के साथ रिश्ता या संबंध।